समाचार

शास्त्री चौक से सीतामणी तक मुख्य मार्ग में आवागमन सुव्यवस्थित करने चलाया गया अभियान

(यातायात पुलिस विभाग एवं नगर निगम कोरबा के संयुक्त दल ने की कार्यवाही, चिन्हाकित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन पार्किंग करने की अपील की)

कोरबा 19 जुलाई 2021 –नगर के मुख्य मार्ग में यातायात को सुव्यवस्थित करने एवं आवागमन को सुगम व बाधारहित बनाने के मद्देनजर यातायात पुलिस विभाग एवं नगर निगम कोरबा की संयुक्त टीम ने शनिवार 17 जुलाई को सघन अभियान चलाते हुए कार्यवाही की तथा आवागमन को बाधित करने वाले ठेलों, दुकान के बाहर रखी सामग्रियों आदि को हटवाया, साथ ही व्यापारियों व आमजन से अपील की कि वे अपने वाहन चिन्हाकित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें एवं नगर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने में अपना सहयोग दें।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर के मुख्य मार्ग में सब्जी, फल, चाय, पान, चाट, स्वल्पाहार के ठेले अनियमित रूप से लगा लिए जाते हैं, जिसके कारण यातायात व्यवस्था बिगड़ती है तथा आमलोगों को आवागमन में अनावश्यक रूप से कठिनाईयां पैदा होती है व दुर्घटना आदि की संभावनाएं बनी रहती है। इसी प्रकार दुकानों के सामने सड़क, फुटपाथ आदि पर प्रदर्शन व विक्रय हेतु सामग्रियां रख दी जाती है, जिनके कारण भी आवागमन बाधित होता है। नगर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने व आवागमन को सुगम बनाने के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल के निर्देश पर यातायात पुलिस विभाग ने नगर पालिक निगम कोरबा के अमले के साथ संयुक्त रूप से सघन अभियान चलाया तथा शास्त्री चौक से सुभाष चौक घंटाघर तक एवं सी.एस.ई.बी.चौक से टी.पी.नगर चौक, पावर हाउस रोड, पुराना कोरबा होते हुए सीतामणी चौक तक के मुख्य मार्ग में अभियान चलाते हुए मुख्य मार्ग के किनारे खड़े किए गए ठेले, दुकानों से बाहर निकाली गई सामग्रियों आदि को हटवाया, वहीं दुकानों व प्रतिष्ठानों के सामने खड़े किए गए दो पहिया व चार पहिया वाहनों को हटाने के साथ ही संबंधितों को समझाईश दी गई कि वे सड़कों पर ठेले व दुकानों के बाहर स्थित फुटपाथ सड़क पर विक्रय सामग्रियों आदि को न रखें, इससे यातायात बाधित होता है, दुर्घटना आदि की संभावना बनती है तथा आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

चिन्हाकित वाहन पार्किंग स्थल पर ही वाहन खड़ा करें– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा व्यापारीबंधुओं व आमनागरिकों से अपील की गई है कि निगम द्वारा विभिन्न स्थलों पर पार्किंग हेतु स्थल चिन्हाकित किए गए हैं, अतः इन चिन्हाकित स्थलों पर ही वाहनों की पार्किंग करें। निगम द्वारा महानदी काम्पलेक्स के सामने, स्मृति उद्यान के सामने तथा निहारिका टाकिज के सामने अस्थाई दखल से मुक्त कराया गया है, अतः इन स्थलों पर ही दो पहिया, चार पहिया वाहनों की व्यवस्थित रूप से पार्किंग करें, इसी प्रकार टी.पी.नगर व कोरबा क्षेत्र में भी चिन्हाकित स्थलों पर ही वाहनों को खड़ा करें ताकि आवागमन बाधित न हों तथा यातायात व्यवस्था बनी रहें।